राज्य स्तरीय आकलन

FA	2

सत्र 2019–20

सुझावात्मक गतिविधियाँ

कक्षा: 7 | विषय: संस्कृत

PAPER CODE: 7053 | पूर्णांक: 10

निर्देश – खण्ड 'अ' से कोई एक गतिविधि तथा खण्ड 'ब' से कोई एक गतिविधि करावें।

खण्ड – 'अ' (अंक 05)

LO– LS-710- पाठ्यपुस्तक में लिखित संवाद पाठ को पढ़कर आपस में छोटे-छोटे संवाद कर पाते हैं अथवा परिचय दे सकते हैं।

गतिविधि 1. पूरी करो अपनी बात

कक्षा से किन्हीं दो छात्रों को बारी–बारी से समक्ष बुलवाकर संस्कृत में सामान्य वार्तालाप पूरा करवायें।

वार्तालाप् का पहला वाक्य शिक्षक द्वारा शुरू किया जा सकता है। जैसे–

प्रदीपः अरूण! भवतः गणित पुस्तकं ददाति किम्?

अर्जुनः भवान् किमर्थ विद्यालयां नागतवान्?

प्रदीपः मम् अतीत ज्वरः आसीत्। अतः शयनं कृतवान्।

प्रदीपः ....

गतिविधि 2. श्लोक वाचन्

कक्षा को समूहों में बाँटा जायेगा तथा प्रत्येक समूह को एक विषय वस्तु/थीम देकर उससे संबंधित श्लोक वाचन करने को कहा जायेगा। समूह को थीम से संबंधित श्लोक का वाचन सही–सही करने पर अंक दिया जायेगा।

गतिविधि 3. अपनी जगह चुनो

शिक्षक कक्षा के विद्यार्थियों को बाहर ले जाते हैं तथा क्रीडांगन में चॉक या लकड़ी से शब्दरूप के अनुरूप खण्ड बनवायेंगे। किसी भी एक शब्द का सभी विभक्तियों में स्वरूप चलाकर उन्हें छोटे–छोटे कागज के टुकड़ों पर लिखा जायेगा। जैसे– नदी, नद्यौ:, नद्या: इत्यादि।

सभी टुकड़ों को मिला दिया जायेगा। अब छात्र एक–एक पर्चा उठायेंगे और प्रथमः से सप्तमी विभक्ति तक पर्चे पर लिखे शब्दरूप के अनुसार सही स्थान पर खड़े होंगे। इस तरह कक्षा के अधिकांश विद्यार्थियों को शब्दरूप के खेल में प्रतिभागिता करने का अवसर मिलेगा।

विभक्ति	**एकवचन**	**द्विवचन**	**बहुवचन**
प्रथमा			
द्वितीया			
तृतीया			
चतुर्थी			
पंचमी			
षष्ठी			
सप्तमी			

खण्ड – 'ब' (अंक 05)

LO–LS-713- नए शब्दों के प्रति जिज्ञासा व्यक्त करते हैं और उसका अर्थ समझने के लिए शब्दकोश का प्रयोग करते हैं।

गतिविधि 4. विभक्तियाँ ये भी

शिक्षक किसी भी पाठ से एक गद्यांश का चयन कर उसमें से शब्द रूपों का लोप कर उसे छात्रों को देंगे। पाठ के संदर्भ के अनुसार छात्र सही विभक्ति का उपयोग कर विलोपित शब्दों को पूरा करेंगे। तत्पश्चात् वे पाठ से पुनः अपने प्रत्युत्तरों का मिलान करेंगे।

गतिविधि 5. प्रश्न पूछो

कक्षा को दो समूहों में बाँटा जायेगा। प्रत्येक समूह के प्रतिभागी हिन्दी में एक वाक्य कहेंगे तथा दूसरे समूह के प्रतिभागी उस वाक्य के लिए संस्कृत में प्रश्न पूछेंगे। यह क्रिया बारी–बारी से दोनों समूहों द्वारा किया जायेगा। जिस समूह में सबसे अधिक सही संस्कृत वाक्य तैयार होंगे उन्हें सर्वाधिक अंक प्राप्त हो सकेंगे।

उदाहरण :

वाक्य : अभी मैं पुस्तकालय जा रहा हूँ।

प्रश्न : अद्य त्वं कुत्र गच्छसि ?

वाक्य : यह कलम मुझे पिताजी ने दिया है।

प्रश्न : एतद् कलमं त्वा कः अयच्छन् ?

गतिविधि 6. साथी चुनो

शिक्षक एक डिब्बे में पर्चों पर कुछ संज्ञाएं लिखते हैं। कुछ विशेषणों को कागज के छोटे पर्चों पर लिखा जाता है एवं अन्य डिब्बे में रखा जाता है। अब एक समूह के विद्यार्थी इन पर्चों में से एक चुनते हैं और विशेषण वाले डिब्बे में से दूसरे समूह का एक विद्यार्थी एक पर्चा उठाता है। पूरी कक्षा इस प्रकार पर्चों को उठा लेने के पश्चात् अपना साथी चुनते हैं अर्थात् जो विशेषण जिस संज्ञा के साथ जाता हो वह जोड़ा तैयार होता है।

उदाहरण : कुशाग्रः बालकः
रक्ताभः सूर्यः

●●●